## खबर संक्षेप

### डीएफओ दक्षिण ने वनरक्षक पटासी को किया निलंबित

**शहडोल।** वन मंडलाधिकारी, दक्षिण वन मंडल श्रद्धा पंद्रे ने वन मण्डल दक्षिण शहडोल में वन परिक्षेत्र शहडोल अंतर्गत बीटगार्ड पटासी में पदस्थ शिवप्रसाद मरकाम, वनरक्षक को बिना किसी सूचना के स्वेच्छापूर्वक 18 सितम्बर 2025 से अपने कर्तव्य ड्यूटी व मुख्यालय से अनुपस्थित रहने एवं अनाधिकृत रूप से शासकीय सुरक्षा की राशि आहरण कर इनके द्वारा सुरक्षा श्रमिकों का भुगतान भी नहीं करने के फलस्वरूप म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 09 के प्रावधान अंतर्गत शिवप्रसाद मरकाम, वनरक्षक, वन परिक्षेत्र शहडोल बीटगार्ड पटासी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय वन परिक्षेत्र केशवाही होगा एवं निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।


### नशे का सौदागर राजा बाबू सलाखों के पीछे

**शहडोल।** नशे के सौदागरों के खिलाफ धनपुरी पुलिस ने सर्जिकल स्ट्राइक की है। कोरेक्स और प्रतिबंधित कफ सिरप के अवैध कारोबार में संलिप्त शातिर आरोपी मोहम्मद जफर उर्फ राजा बाबू को पुलिस ने धरदबोचा है। अक्टूबर 2025 में बंगबार कॉलोनी में हुई छापेमारी के बाद से ही यह आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने इसके साथी शुभम तिवारी को पहले ही दबोच लिया था, जिससे भारी मात्रा में कोडीन युक्त सिरप जब्त हुई थी। थाना प्रभारी खेमसिंह पेन्द्रो के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर राजा बाबू को नरगड़ा मोहल्ले से उठा लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से ड्रग माफियाओं में हड़कंप मच गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### अवैध रेत से लदा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**शहडोल।** रात के अंधेरे में सरकारी संपदा की चोरी करने वाले रेत माफियाओं के मंसूबों पर केशवाही पुलिस ने पानी फेर दिया है। ग्राम पकरिहा में आधी रात को दबिश देकर पुलिस ने अवैध रेत का परिवहन कर रहे महिंद्रा ट्रैक्टर को रंगे हाथों धरदबोचा। पुलिस की इस सर्जिकल स्ट्राइक से माफिया जगत में हड़कंप मच गया है। ट्रैक्टर चालक पारस केवट और वाहन स्वामी विष्णुकांत शुक्ला के खिलाफ बीएनएस और खनिज अधिनियम की संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर वाहन को राजसात करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी बुढार के निर्देशन में प्रधान आरक्षक राजभान सिंह और उनकी टीम ने साफ कर दिया है कि शहडोल की धरती पर अवैध उत्खनन करने वालों की अब खैर नहीं।

### अनुराग ने पास की सीएस की परीक्षा



**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शहडोल कार्यालय में पदस्थ लिपिक संतोष सिँह के सुपुत्र अनुराग सिंह ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। अनुराग सिंह अब एक प्रोफेशनल कंपनी सेक्रेटरी बन चुके है। वर्तमान समय अनुराग जे एस डब्ल्यू इंफ्रा मुंबई में सेक्रेट्रियल कंसल्टेंट के रूप में कार्यरत है। विदित हो कि किसी भी बड़ी एवं मल्टी नेशनल कंपनी में सीएस यानी कंपनी सेकेट्री का पद बहुत ही महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाला होता है। जो कि कंपनी संचालन में भी अहम भूमिका भी निभाता है। निश्चित श्री सिंह पुत्र की यह सफलता सभी के लिए गर्व की बात है। सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ श्री सिंह के सहकर्मियों एवं ईष्ठ मित्रों ने उनके पुत्र के उज्वल भविष्य की कामना कर उसे बधाई प्रेषित की है।

## मैडम की 'जादुई कलम' से मिट गया गरीबों का हक

# ब्यौहारी उप-पंजीयक कार्यालय बना 'जालसाजी का अड्डा'



### असली मालकिन घर पर, दफ्तर में फर्जी महिला ने अंगूठा लगाकर बेच दी जमीन

**शहडोल।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ और न्याय व्यवस्था को शर्मसार करने वाली एक ऐसी दास्तां ब्यौहारी से सामने आई है, जिसे सुनकर किसी भी ईमानदार नागरिक का खून खौल जाए। यहां के उप-पंजीयक कार्यालय में कानून और नियमों की धज्जियां किसी कागज की रद्दी की तरह उड़ाई जा रही हैं। 11 सितंबर 2023 की तारीख ब्यौहारी के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हो गई है, जहां उप-पंजीयक संतोषी गुप्ता और भू-माफियाओं के 'सिंडिकेट' ने मिलकर एक गरीब महिला की संपत्ति पर दिन-दहाड़े डकैती डाल दी।

रजिस्ट्री नहीं, ये तो 'सरकारी डकैती' है!

मामला किसी सस्पेंस फिल्म से कम नहीं है, बस फर्क इतना है कि यहां विलेन सरकारी कुर्सी पर बैठा है। ग्राम खामडांड़ की निवासी ममता नट अपने घर पर चैन की सांस ले रही थी, जबकि उप-पंजीयक कार्यालय में उसकी एक हमशक्ल (फर्जी महिला) को खड़ा कर उसकी करोड़ों की जमीन की सौदेबाजी पूरी की जा रही थी। सवाल यह है कि शासन से मोटी तनख्वाह लेने वाली उप-पंजीयक संतोषी गुप्ता को क्या उस वक्त दिखाई देना बंद हो गया था? क्या आधार कार्ड, बायोमेट्रिक मिलान और भौतिक सत्यापन के नियम सिर्फ कागजों की शोभा बढ़ाने के लिए हैं? बिना किसी जांच-परख के धड़ाधड़ अंगूठे लगवाकर रजिस्ट्री पर मुहर ठोक देना सीधे तौर पर इस महाघोटाले में मैडम की संलिप्तता की ओर इशारा करता है।

### एक ही दिन में दो बड़ी लूट

दस्तावेजों की गहराई में जाने पर जो सच निकलकर आया है, वह रोंगटे खड़े कर देने वाला है। 11 सितंबर को मैडम संतोषी गुप्ता की कलम 'सुपरफास्ट' रफ्तार से चल रही थी। एक ही दिन में एक ही विक्रेता (ममता नट) के नाम पर दो अलग-अलग रजिस्ट्रियां कर दी गईं। आवेदन क्रमांक 110923000175: विक्रेता ममता नट, क्रेता संजय गुप्ता। आवेदन क्रमांक 110923000231: विक्रेता वही ममता नट, लेकिन इस बार क्रेता तुलसीदास गुप्ता। हैरत की बात यह है कि रजिस्ट्रार साहब को यह भनक तक नहीं लगी कि एक ही महिला बार-बार आकर अलग-अलग लोगों के नाम जमीन कर रही है? या फिर 'नजराने' की चमक इतनी तेज थी कि मैडम ने अपनी नैतिकता और सरकारी शपथ, दोनों को ताक पर रख दिया? यह कोई भूल नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश है, जिसका मकसद एक गरीब की जमीन को जड़ से साफ करना था।

### जब पाप का घड़ा फूटा, तो खुद ही कबूला गुनाह!

कहते हैं कि अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, कोई न कोई सुराग छोड़ ही जाता है। जब असली ममता नट को इस जालसाजी की भनक लगी और उसने दफ्तर पहुंचकर अपने अस्तित्व की दुहाई दी, तो मैडम संतोषी गुप्ता के हाथ-पांव फूलने लगे। अपनी गर्दन फंसती देख उन्होंने 14 सितंबर को पुलिस को एक पत्र लिखा, जो अब उनके खिलाफ सबसे बड़ा डेथ वारंट बन चुका है। पत्र में उन्होंने स्वीकार किया कि किसी की जगह किसी अन्य को उपस्थित कर दस्तावेज पंजीकृत कराया गया है। मैडम संतोषी गुप्ता से सीधा सवाल है, जब वह महिला आपके सामने खड़ी थी, तब क्या आपकी आंखों पर पट्टी बंधी थी? क्या आपने उस फर्जी महिला की पहचान सुनिश्चित करने की जहमत उठाई, नियम कहते हैं कि बिना बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के रजिस्ट्री पोर्टल आगे नहीं बढ़ता, तो फिर यह चमत्कार कैसे हुआ? क्या आपने सरकारी सिस्टम के साथ छेड़छाड़ की या दलालों के दबाव में आकर अपनी कलम बेच दी?



### ब्यौहारी में माफियाओं की 'समानांतर सरकार'

क्षेत्र में चर्चा आम है कि उप-पंजीयक कार्यालय दलालों और भू-माफियाओं का चारागाह बन चुका है। संजय गुप्ता और तुलसीदास गुप्ता जैसे लोग सरकारी दफ्तरों को अपनी निजी जागीर समझकर चला रहे हैं। ममता नट का आरोप है कि इस गिरोह ने उसके फर्जी हस्ताक्षर और फोटो का इस्तेमाल किया, जो कि आईपीसी (अब बीएनएस) की धारा 420, 467, 468 और 120बी के तहत संगीन जुर्म है, लेकिन ताज्जुब है कि इतना बड़ा कांड होने के बावजूद गुप्ता गैंग और उनकी मददगार अधिकारी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं।

### न्याय का गला घोंटता सिस्टम

यह खबर ब्यौहारी की उस सड़ी-गली व्यवस्था का पोस्टमार्टम है, जहां रसूखदार लोग किसी की भी जमीन को कागज के टुकड़ों में बदल सकते हैं। अगर एक महिला की पुश्तैनी जमीन सरकारी दफ्तर के भीतर सुरक्षित नहीं है, तो आम आदमी का भरोसा शासन से उठना तय है। मध्य प्रदेश सरकार के सुशासन का दावा ब्यौहारी के इस रजिस्ट्री कार्यालय की चौखट पर दम तोड़ रहा है। अब देखना यह है कि शहडोल प्रशासन इस 'कलम के कसाई' और 'जमीन के भेडियों' पर कार्रवाई करता है या फिर एक गरीब महिला की चीखें फाइलों के नीचे दफन कर दी जाएंगी।

# सावधान! होलिका दहन में लकड़ी जलाई तो खैर नहीं: कलेक्टर

### जिले में चलेगा स्वच्छ-स्वस्थ होली अभियान

### गौ-काष्ठ का उपयोग करने वालों का होगा मुख्यमंत्री प्रशस्ति पत्र से सम्मान

**शहडोल।** होली का हुड़दंग अब पर्यावरण की बलि देकर नहीं चलेगा! शहडोल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आगामी होली और रंगोत्सव को लेकर जिलेवासियों को सख्त हिदायत दी है। कलेक्टर ने दो टूक कहा है कि इस बार होली केवल परंपरा नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का इम्तिहान होगी। जिले में स्वच्छ और स्वस्थ होली अभियान के तहत अब इमारती लकडिय़ों और वनों को राख करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

### रडार पर रहेंगे आयोजक

कलेक्टर ने स्पष्ट कर दिया है कि सार्वजनिक होलिका दहन अब मनमर्जी से नहीं होगा। ग्राम पंचायत, तहसील और नगरीय निकायों में आयोजकों को निःशुल्क पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस रजिस्ट्रेशन में आयोजकों के नाम और नंबर दर्ज होंगे। होलिका दहन की रात मैदानी अमला गश्त पर रहेगा। अगर कहीं भी बेशकीमती लकड़ी या पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाली सामग्री जलती पाई गई, तो आयोजकों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### गौ-काष्ठ जलाओ, सम्मान पाओ

प्रशासन का सीधा संदेश है, पेड़ बचाओ, गौ-काष्ठ अपनाओ। डॉ. केदार सिंह ने अपील की है कि होलिका



दहन में केवल गाय के गोबर से बने कंडे और गौ-काष्ठ का ही उपयोग करें। जो संस्थाएं और समितियां इस नियम का पालन करेंगी, उन्हें मुख्यमंत्री की ओर से विशेष प्रशस्ति पत्र देकर जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इतना ही नहीं, ऐसी संस्थाओं को भविष्य में सरकारी सहयोग और प्रोत्साहन में प्राथमिकता भी दी जाएगी।

### केमिकल वाले रंगों से रहें दूर

कलेक्टर ने चेतावनी दी है कि उत्सव के नाम पर रासायनिक रंगों का उपयोग कर स्वास्थ्य और पर्यावरण से खिलवाड़ न करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और मीडिया जगत से इस अभियान में बढ़-चढक़र हिस्सा लेने का आह्वान किया है। कलेक्टर ने कहा होली उमंग का पर्व है, विनाश का नहीं। वनों की लकड़ी जलाना बंद करें और सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल होली मनाकर सभ्य नागरिक होने का परिचय दें।

# विश्वविद्यालय में विज्ञान दिवस पर बॉटनी विभाग की भव्य प्रदर्शनी

**शहडोल। विज्ञान दिवस के अवसर पर पंडित शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एक आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रो. प्रमोद पांडेय, डॉ. आशीष तिवारी एवं वित्त अधिकारी राम मिलन विशेष रूप से उपस्थित रहे।**



### छात्रों की रचनात्मकता का अनूठा प्रदर्शन

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान और परंपरा का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के हर्बल व्यंजन, हर्बल गुलाल तथा जल संरक्षण से जुड़े वाटर मॉडल तैयार किए गए। लोकल फॉर वोकल की भावना को साकार करते हुए विद्यार्थियों ने स्थानीय संसाधनों से बने अचार, रसगुल्ला, हलवा आदि व्यंजनों की प्रस्तुति दी, जो न केवल स्वादिष्ट थे बल्कि स्वास्थ्यवर्धक और पर्यावरण अनुकूल भी थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के औषधीय एवं सजावटी पौधों का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रत्येक पौधे की विशेषताओं, उपयोगिता और वैज्ञानिक महत्व का प्रभावशाली वर्णन किया।

### भारतीय परंपरा में पौधों की विशेषता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पौधों को केवल जैविक इकाई नहीं, बल्कि जीवन का आधार माना गया है।उन्होंने उल्लेख किया कि तुलसी को आयुर्वेद में औषधि एवं आध्यात्मिक शुद्धता का प्रतीक माना गया है। पीपल और बरगद को दीर्घायु एवं पर्यावरण संतुलन का आधार कहा गया है।नीम को प्राकृतिक एंटीबायोटिक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में वनस्पति विज्ञान का गहरा महत्व है और आज आवश्यकता है कि आधुनिक विज्ञान के साथ पारंपरिक ज्ञान को जोड़ा जाए। कुलगुरु ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से न केवल वैज्ञानिक सोच विकसित होती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता का भाव भी प्रबल होता है।

### विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन

बॉटनी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उमा ने बताया कि छात्रों ने कई दिनों की मेहनत से यह प्रदर्शनी तैयार की है। उनका उद्देश्य विज्ञान को व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत करना तथा समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर डॉ. ममता प्रजापति, डॉ. हेमंत पाठक एवं डॉ. अजय सोनवानी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। प्रदर्शनी ने विश्वविद्यालय परिसर में ज्ञान, परंपरा और नवाचार का सुंदर वातावरण निर्मित किया।

# सावधान! ग्रहण और भद्रा के चक्रव्यूह में फंसी होली

### 2 मार्च को अग्नि-परीक्षा, 4 मार्च को मनेगा रंगोत्सव

### 3 मार्च को साल का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण

### सूतक के साए में नहीं उड़ेगा गुलाल, ज्योतिषाचार्य ने दी चेतावनी

**शहडोल।** इस वर्ष का रंगोत्सव (होली) खगोलीय और ज्योतिषीय गणनाओं के फेर में उलझ गया है। यदि आप 3 मार्च को रंग खेलने की तैयारी में हैं, तो अपनी योजना बदल लीजिए। प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी के अनुसार, इस बार भद्रा और चंद्र ग्रहण के दुर्लभ संयोग के कारण होली का गणित पूरी तरह बदल चुका है। होलिका दहन 2 मार्च को होगा, लेकिन रंगों की होली 4 मार्च को खेली जाएगी।



### रात 12:50 के बाद ही होगा दहन

पंडित त्रिपाठी ने सख्त लहजे में आगाह किया है कि 2 मार्च की शाम से ही पाताल की भद्रा का वास शुरू हो जाएगा। शास्त्र कहते हैं कि भद्रा काल में किया गया कोई भी मांगलिक कार्य विनाशकारी हो सकता है। भद्रा 3 मार्च की सुबह 4:56 बजे तक प्रभावी रहेगी। ऐसे में असुरक्षित समय से बचने के लिए भद्रा पुच्छ काल यानी रात 12:50 बजे से 2:02 बजे के बीच ही होलिका दहन करना सबसे मंगलकारी और श्रेयस्कर होगा। यह 1 घंटा 12 मिनट की अवधि नकारात्मक ऊर्जा के नाश के लिए अचूक है।

### 3 को पूर्ण चंद्र ग्रहण: थम जाएगा उत्सव

पंचांग की गणना के अनुसार 3 मार्च को साल का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण लग रहा है। दोपहर 3:21 से शाम 6:46 तक सूतक और ग्रहण का प्रभाव रहेगा। शास्त्रों में ग्रहण के दौरान उत्सव और स्पर्श वर्जित है। यही कारण है कि 3 मार्च को रंग नहीं खेले जाएंगे। परंपरा और शुचिता को बनाए रखने के लिए अब 4 मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा।

### अहंकार की आहुति और प्रह्लाद की विजय

पंडित जी ने याद दिलाया कि होली केवल लकडिय़ों का ढेर जलाना नहीं, बल्कि भीतर के हिरण्यकशिपु (अहंकार) को भस्म करने का पर्व है। जिस तरह होलिका का वरदान उसकी दुष्टता के आगे राख हो गया और भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति की जीत हुई, उसी तरह यह पर्व हमें पाप प्रवृत्तियों के त्याग का संदेश देता है।

# भोग-विलास के युग में दिगंबर मुद्रा की अग्नि-परीक्षा



**बुढार। जहां आज की दुनिया भौतिक चकाचौंध और अंतहीन इच्छाओं की गुलाम बन चुकी है, वहीं दिगंबर जैन मुनि अपनी कठोर साधना से त्याग की नई परिभाषा लिख रहे हैं। अंबर ही जिनका वस्त्र है, ऐसे वीतरागी संत मोह-माया के इस दलदल से कोसों दूर, नग्न पॉव और नग्न तन रहकर आत्म-साधना की कठिन राह पर अडिग हैं।**

### सुख-सुविधाओं को ठेंगा, केवल आत्म-कल्याण

इन संतों के लिए सर्दी, गर्मी या मूसलाधार बारिश सिर्फ मौसम नहीं, बल्कि तपस्या के सोपान हैं। वाहनों का त्याग कर मीलों का पैदल सफर और मखमली बिस्तरों को ठुकराकर लकड़ी के कठोर पाटे पर विश्राम करना, इनकी फौलादी इच्छाशक्ति का प्रमाण है।

### कर-पात्र में आहार: त्याग की पराकाष्ठा

मुनिराज की चर्या किसी अग्नि-परीक्षा से कम नहीं। वे दिन में केवल एक बार खड़े होकर, अपनी हथेलियों (कर-पात्र) में ही सीमित आहार ग्रहण करते हैं। वह भी तब, जब श्रावकों द्वारा नवधा भक्ति से पडग़ाहन किया जाए और प्रभु के समक्ष विधि मिले। बुढ़ार की पावन धरा पर दिगंबर संतों की यह चर्या समाज को आईना दिखा रही है कि असली आनंद भोग में नहीं, बल्कि सर्वस्व त्याग में निहित है।

# परीक्षा देकर लौट रही छात्रा से दरिंदगी

**पुलिस ने आरोपी किया गिरफ्तार**

**शहडोल। जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। परीक्षा देकर घर लौट रही एक मासूम छात्रा की अस्मत लूटने वाले कलयुगी राक्षस को पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर दबोच लिया है। कानून को ठेंगे पर रखने वाले इस आरोपी ने एक नाबालिग की जिंदगी को जख्मों से भर दिया, लेकिन कानून के लंबे हाथों से वह बच नहीं सका।**

### जंगल में ले जाकर किया घिनौना कृत्य

घटना 27 फरवरी की है, जब पीड़िता अपनी परीक्षा पूरी कर सुनसान रास्ते से घर लौट रही थी। घात लगाकर बैठे आरोपी (अपचारी बालक) ने उसे अकेला पाकर दरिंदगी की सारी हदें पार कर दीं। मासूम को जबरन जंगल की ओर खींच ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। डरी-सहमी पीड़िता ने घर पहुँचकर आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई।

### पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक, आरोपी चित

मामले की गंभीरता को देखते हुए जयसिंहनगर थाना प्रभारी अजय कुमार ने तत्काल मोर्चा संभाला। पुलिस की विशेष टीम ने घेराबंदी करते हुए 28 फरवरी को आरोपी को उसके सुरक्षित ठिकानों से दबोच लिया। महिला थाना में बीएनएस और पाक्सो एक्ट की संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को माननीय किशोर न्यायालय, शहडोल में पेश किया गया है। इस त्वरित कार्रवाई में सउनि प्रमोद कुमार, प्र.आर. नंदकुमार सिंह और आरक्षक उदय सिंह सहित पूरी टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई ने अपराधियों को साफ संदेश दिया है कि शहडोल की बेटियों की तरफ उठने वाली हर गंदी नजर को कुचल दिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## डिप्टी कलेक्टर को सौंपा गया सीईओ मानपुर का प्रभार



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मानपुर, व्दारा अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मानपुर का प्रभार अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ प्रत्युष श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर, को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक सौंपा है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। विदित हो कि मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के आदेश द्वारा अंकित कुमार सीरोठिया को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर के पद पर पदस्थ किया गया है, किन्तु आदेशानुसार सिरोठिया, मध्य प्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थागत वाल्मी हिल्स, कलियासोत बांध, भोपाल मध्यप्रदेश में 45 दिवस तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

## ऋषभ शुक्ला को सौंपा गया जनपद सीईओ करकेली का प्रभार



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जनपद पंचायत करकेली का प्रभार कमलेशराम नीरज, डिप्टी कलेक्टर,को सौंपा गया था। उक्त अदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए मध्यप्रदेश शासन,पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के परिपत्र के प्रावधान अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत करकेली का प्रभार ऋषभ शुक्ला सहायक यंत्री, जनपद पंचायत करकेली को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक सौंपा है।

### स्व-सहायता समूहों व्दारा आयोजित होली मेला का कलेक्टर ने किया शुभारंभ

# कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने स्टॉल का भ्रमण कर व्यंजनों का चखा स्वाद





### समूहों द्वारा तैयार किये गये प्राकृतिक रंग,पकवान एवं होली से संबंधित अन्य सामग्री मेले में उपलब्ध

**उमरिया।** होली के अवसर पर दो दिवसीय विशेष होली मेला 28 फरवरी से 01 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। मेले में होली को दृष्टिगत रखते हुए उमरिया जिले की विभिन्न स्व सहायता समूहों की महिलाओं व्दारा प्राकृतिक गुलाल, शुध्द पकवान आदि तैयार कर स्टाल मे रखा गया है ,जिनका विक्रय महिलाओ व्दारा किया जाएगा,जिससे उनकी आय में वृध्दि होगी । उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला मुख्यालय उमरिया स्थित मंगल भवन में आयोजित होली मेले का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि स्व -सहायता समूहों के उत्पादों के विक्रय सह प्रदर्शन तथा समूह सदस्यों की आय में वृद्धि के लिये मिशन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इस होली में प्राकृतिक रंगों की मिठास और उमंग के साथ होली मनाने के लिये आजीविका की बहनों ने खास तैयारियां की हैं। उन्होने जिलेवासियों से अपील की है कि मंगल भवन में आयोजित होली मेले मेले में पहुंचकर होली पर्व के दौरान उपयोग होने वाली वस्तुओं का अवलोकन करते हुए उसका क्रय करें तथा उनके व्दारा तैयार किए गए उत्पादों को खरीद कर प्रोत्साहित करें । सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि प्रकृति एवं पर्यावरण के हित को ध्यान में रखते हुये इस बार होली पर विशेष रूप से प्राकृतिक रंग,पूजन सामग्री, मिठाइयाँ,नमकीन,घी,खोवा एवं अन्य उत्पाद स्व-सहायता समूहों की बहनों द्वारा तैयार किये गये हैं। इसके साथ ही मेले में लोकप्रिय क्षेत्रीय व्यंजनों का स्वाद भी लिया जा सकेगा। उन्होने कहा कि इस पहल के माध्यम से वोकल फॉर लोकल को बढावा दिया जा रहा है । स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादो को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाकर न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है बल्कि महिलाओं की आजीविका और आत्मनिर्भरता को भी नई दिशा मिल रही है । इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने स्व सहायता समूह की महिलाओं व्दारा लगाए गए स्टॉल का भ्रमण किया तथा उनके व्दारा तैयार किए गए उत्पादों का स्वाद चखा । मेले में शारदा स्व सहायता समूह ताला , सरस्वती समूह पाली व्दारा हर्बल गुलाल, आरती स्व सहायता समूह कोहका 82 व्दारा नमकीन , सालोनी, महिमा स्व सहायता समूह ग्राम अर्जुनी व्दारा अलसी, महुआ के लडडू, लक्ष्मी स्व सहायता समूह जमुडी व्दारा गुझिया, राधे राधे स्व सहायता समूह नयागांव व्दारा चिप्स, ज्वालामुखी स्व सहायता समूह व्दारा मिक्स आचार, अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह सलैया 13 व्दारा मिष्ठान, राधे राधे स्व सहायता समूह सरसवाही व्दारा घी खोवा, सरस्वती स्व सहायता समूह शाहपुर व्दारा दहरोरी गुझिया, सुभाषिनी स्व सहायता समूह दुलहरी व्दारा गुलाब जामुन के स्टॉल लगाए गए है । स्टॉल खुलने का समय दोपहर 12 बजे से सायं 8 बजे तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक ग्रामीण आजीविका मिशन चंद्रभान सिंह, तृप्ती गर्ग सहित समूह की महिलाएं , प्रबंधक उपस्थित रहे।

# गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन का उत्सव मनाये जाने के संबंध में निर्देश जारी

**उमरिया।** राज्य शासन द्वारा इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संदेश के साथ आने वाले होली के पावन पर्व को मनाए जाने पर नागरिकों को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है।आपसी मतभेदों को मिटाकर भाईचारे,सामाजिक,एकता और हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मनाने के लिए जन सामान्य को प्रोत्साहित किया जाए। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा है कि जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से यह प्रयास किया जाए कि होलिका दहन में लकड़ी की जगह उपलों और गौकाष्ठ का प्रयोग हो। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण और पानी बचाने के लिए प्राकृतिक व हर्बल रंगों से होली खेलने तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालने के संकल्प के साथ हुड़दंग से दूर रहकर भाईचारे के साथ होली का उत्सव मनाने लिए प्रोत्साहित किया जाए।



उन्होने कहा कि विशेष रूप से लकड़ी की जगह उपलों और गौकाष्ठ के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए जिले में विभिन्न स्तरों पर आयोजित किए जाने वाले सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का निःशुल्क पंजीयन कराए जाने की व्यवस्था की जाए। यह पंजीयन सभी जिला मुख्यालयों में पंचायत तथा अन्य स्थानों पर तहसील तथा नगरीर निकायों के माध्यम से पूर्णतः निःशुल्क किया जाए। पंजीयन करने के लिए जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार एवं सूचना प्रसारण किया जाए। नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं को इस कार्य में सम्मिलित किया जाए। पंजीयन के समय आयोजक संस्था की संक्षिप्त जानकारी जैसे पदाधिकारी, संपर्क नंबर इत्यादि प्राप्त किया जाए। होलिका दहन के दिन मैदानी अमले के साथ इन संस्थाओं द्वारा आयोजित सार्वजनिक होलिका दहन आयोजनों का भ्रमण कर, जलाऊ एवं इमारती वनों की लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन को प्रोत्साहित किया जाए। होलिका दहन का आयोजन पूर्ण रूपेण गौकाष्ठ आधारित होने के आगामी दो-तीन दिवस में संबंधित नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के संबंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा अपने प्रतिवेदन में इसका प्रमाणीकरण कर जिला कलेक्टर (वरिष्ठ लिपिक शाखा कलेक्ट्रेट उमरिया) को प्रतिवेदन प्रेषित करेंगे। कलेक्टर कार्यालय में प्रभारी अधिकारी वरिष्ठ लिपिक शाखा उमरिया जिले में इस प्रकार के गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन आयोजन का सूचीकरण संकलित करेंगे। राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी दिनों में निर्धारित दिनांक या अवधि में सभी जिला मुख्यालयों में जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें ऐसी सभी संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारी को मुख्यमंत्री महोदय की ओर से तैयार किया गया पर्यावरण संरक्षण संबंधित प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।राज्य शासन द्वारा ऐसी संस्थाओं को भविष्य में अन्य किसी प्रकार से प्रोत्साहन या सहयोग दिया जाना हो तो इस बारे में भी प्राथमिकता दी जाएगी। अभ्युदय मध्यप्रदेश अंतर्गत राज्य शासन की इस पहल को स्थानीय स्तर पर अधिकाधिक प्रचारित और प्रसारित किया जाए। समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) स्वच्छ और स्वस्थ होलीष के इस अभियान का क्रियान्वयन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया ने प्रबंधन में एक कदम और आगे बढ़ाया

### बाघिन को बांधवगढ़ से सुरक्षित रूप से राजस्थान के मुकुंदरा किया गया रवाना



**उमरिया।** क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने बताया कि उप संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की उपस्थिति में बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व उमरिया के प्रबंधन टीम के द्वारा बीट जगुआ, परिक्षेत्र पनपथा बफर से लगभग 3.5 वर्ष आयु की एक बाघिन को वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी की टीम के द्वारा ट्रेंकुलाइज कर सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। उसके उपरांत रेस्क्यू विशेषज्ञ वन्य जीव स्वास्थ्य अधिकारी चिकित्सकों द्वारा बाघिन का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान बाघिन पूर्णतः स्वस्थ पाई गई। आवश्यक चिकित्सीय प्रक्रिया पूर्ण करते हुए उसे सुरक्षित रूप से रेडियो कॉलर पहनाया गया तथा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक जैविक सैंपल भी संकलित किए गए।बाघिन को वन्यजीव संरक्षण एवं प्रबंधन की दृष्टि से राजस्थान के मुकुंदरा टाइगर रिज़र्व भेजा जाना निर्धारित है। निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए बाघिन को बांधवगढ़ से सुरक्षित रूप से रवाना कर दिया गया है। निर्धारित किए गए मापदंड के अनुसार कुछ बाघिनों की लगभग एक माह से निगरानी की जा रही थी। क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर की अध्यक्षता में, उपसंचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की उपस्थिति में रेस्क्यू दल एवं बीटीआर के समस्त उपवन मंडल अधिकारियों तथा परिक्षेत्र अधिकारियों की समीक्षा बैठक की गई तथा रेस्क्यू हेतु विस्तृत दिशा निर्देश अनुसार एक बाघिन को ट्रांसलोकेशन हेतू सही पाया गया। तय प्रक्रिया अनुसार आज मादा बाघिन का सफल एवं सुरक्षित रेस्क्यू प्रबंधन टीम द्वारा किया गया। उप संचालक की उपस्थिति में, रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर सहायक संचालक पनपथा, सहायक संचालक ताला, परिक्षेत्र अधिकारी पनपथा बफर , परिक्षेत्र अधिकारी ताला, परिक्षेत्र अधिकारी खितौली , डब्ल्यूसीटी संस्था के प्रतिनिधि एवं संबंधित स्टाफ उपस्थित रहा।

# हुड़दंगियों पर होगी सख्त कार्यवाही



### होली, ईद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**कोतमा।** आगामी दिनों में पड़ने वाले पर्व होली, रंग पंचमी, ईद एवं रामनवमी को शान्ति पूर्वक मनाये जाने हेतु शनिवार को शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे एसडीएम टीआर नाग, तहसीलदार दशरथ सिंह, पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल, नपा अध्यक्ष अजय सराफ, थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल, सीएमओ प्रदीप झारिया, सहायक अभियंता आशुतोष चंद्रा, बीएमओ डाक्टर केयल दीवान सहित गणमान्य नागरिक, होली उत्सव समिति सदस्य, धार्मिक संगठन प्रमुख एवं मीडियाकर्मी शामिल रहे। अधिकारियों द्वारा त्योहारों को शांतिपूर्वक एवं सौहार्दता के साथ मनाए जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिको के द्वारा भी सुझाव एवं विचार व्यक्त किया गया। नगर में साफ सफाई, प्रकाश, जल व्यवस्था, फायर ब्रिगेड बिजली तारों के नीचे होलिका न जलाने को लेकर चर्चा की गई। होली पर्व पर शराब पीकर हुड़दंग करने और कानून व्यस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्यवाही की बात कही। आगामी पर्वो को शान्ति पूर्वक मनाये जाने के लिए थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल ने कहा कि सभी नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर शांति एवं कानून व्यस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। त्यौंहार पर हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी। नशे में वाहन ना चलाए। नाबालिगों के वाहन चलाने से लगातार दुर्घटनाए हो रही है, अतः परिजन बच्चो को गाड़ी ना दे। होलिका दहन ऐसे स्थान पर करे जिससे यातायात एवं आम लोगो का आवागमन बाधित न हो। समय पर होलिका दहन किया जाये। बोर्ड सहित अन्य कक्षाओं की परीक्षाए चल रही है ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग अनुमति लेकर करे। जबरन चन्दा वसूली न करें। होली के दिन नदी, जलाशयों नालो सहित सुनसान जगहों पर नहाने एवं पिकनिक से बचे। नमाज स्थलों के पास भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार की अफवाह ना फैलाएं। धार्मिक भावनाएं आहत करने जैसी पोस्ट से बचे। अतिरिक्त बल के साथ पेट्रोलिंग एवं फिक्स प्वाइंट के साथ ड्यूटी लगाई गई है।

# अम्बिकापुर-निज़ामुद्दीन सुपरफास्ट ट्रेन का कोतमा में स्टॉपेज प्रारंभ



### स्थानीय नागरिकों ने कहा क्षेत्र के विकास का नया अध्याय

**कोतमा।** लंबे समय से व्यापारी नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा कोतमा मे रेल सुविधा विस्तार की मांग की जा रही थी। यहां के लोगों को सीधा देश की राजधानी जाने के लिए रेल सुविधा नहीं थी। रेलवे के द्वारा अंबिकापुर से निजामुद्दीन तक सीधी ट्रेन चलाई भी गई तो उसका ठहराव कोतमा में नहीं दिया गया था जिसके कारण यहां के लोगों को अनूपपुर या बिजुरी जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती थी। अम्बिकापुर-निज़ामुद्दीन सुपरफास्ट ट्रेन का कोतमा में स्टॉपेज प्रारंभ होना केवल एक रेल ठहराव नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास का नया अध्याय है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों तथा रेल प्रशासन को दिल से बधाई दे रहे हैं।



अधिवक्ता राजेश शर्मा का कहना है कि अम्बिकापुर-निज़ामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस का कोतमा में ठहराव प्रारंभ होने से अब स्थानीय नागरिकों को सीधे देश की राजधानी नई दिल्ली से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों, मरीजों, व्यवसायियों और नौकरीपेशा लोगों को अत्यंत सुविधा होगी। पहले जहां लंबी दूरी तय कर बड़े जंक्शन तक जाना पड़ता था, अब यह सुविधा अपने ही नगर में उपलब्ध है। कोतमा जैसे छोटे कस्बों के लिए रेल कनेक्टिविटी विकास का आधार स्तंभ है। बेहतर रेल सुविधा से स्थानीय व्यापार, कृषि उत्पादों का परिवहन, खनन क्षेत्र की गतिविधियाँ और पर्यटन को बढ़ावा मिलता है। क्षेत्र में निवेश की संभावनाएँ बढ़ती हैं तथा युवाओं को नए अवसर प्राप्त होते हैं। भारतीय रेल विश्व के सबसे बड़े रेल नेटवर्क में से एक है, परंतु अभी भी अनेक छोटे कस्बे सीधे लंबी दूरी की ट्रेनों से नहीं जुड़े हैं। आवश्यकता है कि रेल नेटवर्क को महानगरों तक सीमित न रखकर छोटे नगरों और अंचलों तक विस्तारित किया जाए। इससे क्षेत्रीय असंतुलन कम होगा और समावेशी विकास की अवधारणा को बल मिलेगा। कोतमा में यह स्टॉपेज यह संदेश देता है कि यदि जनभावना सशक्त हो और जनप्रतिनिधि प्रयासरत हों तो छोटे नगर भी राष्ट्रीय मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं। आशा है कि भविष्य में और भी ट्रेनों का ठहराव तथा सुविधाओं का विस्तार होगा। अंततः यह उपलब्धि केवल एक ट्रेन के रुकने की नहीं, बल्कि क्षेत्र के सपनों के आगे बढ़ने की शुरुआत है।



व्यापारी रत्नेश जैन ने कहा कि रेल्वे ने अपना निर्णय जारी किया और जल्दी ही ट्रेन के स्टॉपेज संबंधी आदेश जारी किए, आगामी सप्ताह से अंबिकापुर निजामुद्दीन अंबिकापुर ट्रेन का ठहराव कोतमा होने की सूचना मिली अब हमारे नगर एवं क्षेत्र के नागरिकों व्यापारियों जनप्रतिनिधियों के साथ ही छात्रों को देश की राजधानी दिल्ली तक जाने के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा मिलनी शुरू हो जायेगी। युवा अंकुश कुमार सोनी जानी का कहना है कि रेल प्रबंधन के द्वारा हमारे क्षेत्र के साथ हमारे क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा था। यहां के लोगों को यदि देश की राजधानी दिल्ली जाना है तो सीधी ट्रेन की सुविधा नहीं थी अंबिकापुर निजामुद्दीन ट्रेन तो रेल प्रशासन के द्वारा शुरू किया गया था लेकिन उसका ठहराव कोतमा में नहीं दिया गया था जिसके कारण व्यापारी जनप्रतिनिधि नागरिकों को दिल्ली तक सीधी ट्रेन पकड़ने के लिए या तो बिजुरी या अनूपपुर जाना पड़ता था जिससे आर्थिक बोझ उठाना पड़ता था। लंबे समय से अंबिकापुर निजामुद्दीन ट्रेन को लेकर मांग की जा रही थी सांसद हिमाद्री सिंह की मांग पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के द्वारा कोतमा में अंबिकापुर निजामुद्दीन ट्रेन के ठहराव की घोषणा तो कर दी गई थी लेकिन अमल नहीं किया जा रहा था। लेकिन अब यह ट्रेन 4 मार्च से कोतमा रेलवे स्टेशन में रुकनी शुरू हो जाएगी जिससे हमारे क्षेत्र के लोगों को देश की राजधानी दिल्ली से सीधा जोड़ने का औसर मिल जाएगा। ट्रेन के कोतमा मे ठहराव की जानकारी से अति प्रसन्नता हुई है।





आदर्श किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र नाहर का कहना है कि अब दिल्ली दूर नहीं है हमारे नगर से देश की राजधानी दिल्ली तक के लिए सीधी ट्रेन का ठहराव कोतमा रेलवे स्टेशन में 4 मार्च से शुरू हो रहा है जिससे यहां के व्यापारियों चिकित्सा शिक्षा एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा उन्होंने सांसद हिमाद्री सिंह की मांग पर रेल मंत्री के द्वारा कोतमा रेलवे स्टेशन में ट्रेन के ठहराव की घोषणा की थी और अब समय सारणी भी आ चुकी है साथ ही सांसद के द्वारा अनूपपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी भी दिखा दी गई है।

# ठेकेदार के द्वारा एक ओर की सड़क को कर दिया जाता पूरी तरह जाम

### आवागमन करने में नागरिकों को करना पड़ता है परेशानी का सामना

**कोतमा।** नगर के स्टेशन चौक के पास नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से शापिंग कांप्लेक्स का निर्माण कार्य लगभग 1 साल से करवाया जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा एक ओर की सड़क को पूरी तरह से जाम कर दिया जाता है सड़क में ही भवन निर्माण सामग्री गिट्टी रेत रखवा दिया जाता है जिसके कारण आवागमन करने में नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में होली का त्यौहार है और यह मुख्य बाजार क्षेत्र है जिसके कारण दुकानदारों एवं खरीदारों की भीड़ अत्यधिक रहेगी लेकिन सड़क पर निर्माण सामग्री रखे होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में ठेकेदार के द्वारा एक तरफ की सड़क को टीन लगाकर जाम कर दिया गया था नागरिकों की परेशानी को देखते हुए भाजपा के लोगों ने विरोध दर्ज करवाया था तब मौके पर थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल, सीएमओ प्रदीप झारिया मौके पर पहुंचकर ठेकेदार को निर्देश देते हुए सड़क को खुलवाया गया था लेकिन फिर से ठेकेदार मनमानी करते हुए सड़क पर ही भवन निर्माण सामग्री को रखवा दिया गया है जिसके कारण फुटपाथ पर चलने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है साथ ही आवागमन बाधित भी होता है जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा नगर पालिका कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि मौके पर जाकर सड़क पर रखी भवन निर्माण सामग्री को हटवाए जाने के लिए ठेकेदार को निर्देश दें होली त्यौहार का पर्व है और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**प्रदीप झारिया, सीएमओ**
**नगर पालिका परिषद कोतमा**



**खबर संक्षेप**

## मवेशियों को आवारा छोड़ने पर होगी कार्यवाही

**कटनी।** नगरीय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा हाका गैंग के माध्यम से सतत अभियान संचालित किया जाकर घुमंतू मवेशियों पर नियंत्रण लगाने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विचरण कर रहे 19 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर नियमानुसार अमीरगंज कांजी हाउस भेजा गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सार्वजनिक सड़कों पर अवरोध की स्थिति को समाप्त कर नागरिकों को निर्बाध एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु गुरुवार को माधव नगर पी डब्लू डी कॉलोनी एवं मॉल के पास, विश्राम बाबा पटेल मार्केट एवं गेट के पास, बरगवां डन कालोनी तथा आजाद चौक सहित अन्य स्थलों से 19 घुमंतू मवेशियों को सुरक्षित पकड़कर काऊ कैचर वाहन के माध्यम से अमीरगंज कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। नगर निगम द्वारा पशुपालकों को पुनः सचेत किया गया है कि वे अपने मवेशियों को सार्वजनिक मार्गों खुले में न छोड़ें। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध जुर्माना एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## खन्ना बंजारी स्टेशन पर नई ट्रेन का किया स्वागत



**बरही।** खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन में भोपाल–धनबाद एक्सप्रेस का फूलमालाओं, ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। यह नई रेल सेवा खजुराहो कटनी–सिंगरौली व ब्यौहारी संसदीय क्षेत्र के लिए विशेष महत्व रखती है। 24 फरवरी को शाम 6 बजे भोपाल रेलवे स्टेशन से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में भोपाल–धनबाद एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। खन्ना बंजारी स्टेशन पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश तिवारी,संतोष द्विवेदी,प्रवीण त्रिवेदी डब्बू ब्रम्हदत्त तिवारी एवं नंदकिशोर गुप्ता, नवल सिंह चतुर्वेदी जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा कटनी संजय साहू नीरज तिवारी,इरशाद अली, अखिलेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्टेशन प्रबंधक रमेश कुमार सिंह, स्टेशन मास्टर एवं रेलवे पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे और कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया।

## अलग अलग स्थानों से अवैध शराब की जब्त

**कटनी।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने कार्रवाई कर अवैध शराब जब्त की है। ढीमरखेड़ा, कैमोर और बड़वारा पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर कच्ची और देसी शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन स्थानों से शराब जब्त की। ग्राम सारंगपुर में सोमनाथ पटेल को 6 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया। ग्राम पिण्डरई में जितेंद्र उर्फ कढोरीलाल के पास से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। वहीं ग्राम कछार गांव में राजू पिता भागचंद कोल 20 पाव देसी प्लेन शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तीनों मामलों में धारा 34ए आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इसी तरह कैमोर पुलिस ने खिरवाखुर्द और अमरैयापार में दो लोगों से शराब जब्त की। खिरवाखुर्द तिराहे के पास से तीरथ प्रसाद पटेल को 18 पाव देसी शराब के साथ पकड़ा गया। अमरैयापार तिराहे के पास आलोक कुमार तिवारी के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की गई। उधर बड़वारा पुलिस ने ग्राम विलायत कला के रमगड़ा मोहल्ला में दबिश दी। यहाँ आरोपी संजू सिंह को अवैध रूप से शराब पिलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से एक आधी भरी बियर की बोतल, डिस्पोजल गिलास और नमकीन के पैकेट के साथ बिक्री के नगद 60 रुपये जब्त किए।

## धनपुरी का श्री राधा कृष्ण मंदिर बनेगा होली का केंद्र

# आस्था, उल्लास और रंगों का महासंगम

धनपुरी।

**फाल्गुन की मस्ती, रंगों की उड़ान और भक्ति की मधुर धुनों के बीच इस बार नगर की होली कुछ खास होने जा रही है। शहर का प्रमुख आस्था स्थल श्री राधा कृष्ण मंदिर 3 और 4 मार्च को दो दिवसीय होली महोत्सव का साक्षी बनेगा। मंदिर परिसर में सुबह से ही रंग, गुलाल और प्रेम की बौछार के बीच होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा।**







हिंदू धार्मिक संस्था के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद खंडेलवाल ने बताया कि वर्षों से चली आ रही परंपरा को और भव्य रूप देने का प्रयास इस वर्ष किया गया है। सुबह 10 बजे से श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ होगा। सर्वप्रथम श्री राधा-कृष्ण की प्रतिमा पर अबीर, गुलाल और पुष्प अर्पित कर होली खेली जाएगी, जिसके बाद नगरवासी एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलेंगे और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।महामंत्री गणेश गुप्ता और एस.पी. सिंह ने बताया कि चंद्रग्रहण को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का समय तय किया गया है, ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से उत्सव का आनंद ले सकें।डीजे की धुन, उड़ता गुलाल और थिरकते कदममंदिर परिसर में पारंपरिक और लोकप्रिय होली गीतों की गूंज रहेगी। "आज न छोड़ेंगे बस हम होली खेलेंगे" जैसे गीतों पर युवा और बुजुर्ग एक साथ झूमते नजर आएंगे। रंगों की उड़ती फुहार और डीजे की थाप पूरे वातावरण को उत्सवमय बना देगी। प्रसाद में मिठास और स्वाद का संगमसमिति की ओर से मोतीचूर के लड्डू, आलू बंडा और अन्य गर्मागर्म पकवानों का वितरण किया जाएगा। होली के अवसर पर मुंह मीठा कराने की परंपरा निभाते हुए सभी आगंतुकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। रंग-बिरंगी थालियों से सजेगा प्रांगणमंदिर परिसर में रंग-बिरंगे गुलाल और अबीर से सजी थालियां आकर्षण का केंद्र बनेंगी। आयोजकों ने अपील की है कि सभी नगरवासी अपने गिले-शिकवे भूलकर प्रेम और सौहार्द के रंग में रंग जाएं।बाजार में बढ़ी रौनक, बच्चों की पहली पसंद कार्टून पिचकारीहोली की आहट के साथ बाजार भी रंगीन हो उठा है। इस बार बच्चों के लिए कार्टून थीम वाली पिचकारियां और मुखौटे खूब पसंद किए जा रहे हैं। Ben 10, छोटा भीम और Tom and Jerry डिज़ाइन की पिचकारियां बाजार में धूम मचा रही हैं।व्यापारियों के अनुसार नकली बाल, रंगीन मास्क और आकर्षक टोपी बच्चों और युवाओं में खासा आकर्षण पैदा कर रहे हैं। लोग मानते हैं कि मास्क पहनने से रंगों से चेहरे की सुरक्षा भी रहती है और उत्सव में अलग पहचान भी बनती है।धनपुरी इस समय पूरी तरह होली के रंग में सराबोर है। मंदिर परिसर में होने वाला यह दो दिवसीय आयोजन न केवल रंगों का उत्सव होगा, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश भी देगा।

# बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई: 9 करोड़ के बकाया पर मचा हड़कंप, केशवाही में दो ट्रांसफार्मर उतारें

### कनिष्ठ अभियंता की पुरी टीम निरंतर राजस्व वसूली में जूटी

बुढार।

विद्युत विभाग ने बकाया राजस्व वसूली को लेकर अब कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। बुढार क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लंबित राशि को देखते हुए विभाग ने बड़े स्तर पर कनेक्शन काटने और ट्रांसफार्मर हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है, जिससे क्षेत्र के बकायादारों में हड़कंप मच गया है।



### 9 करोड़ की वसूली के लिए विभाग सख्त

बुढार विद्युत विभाग के अंतर्गत वर्तमान में प्रदेश शासन की समाधान योजना के बावजूद 14,289 उपभोक्ताओं पर लगभग 09 करोड़ रुपये से अधिक की राशि बकाया है। विधुत कार्यालय कनिष्ठ अभियंता विकास गोंदुंगे ने बताया कि बकायादारों को राशि जमा करने के लिए कई बार नोटिस देकर आग्रह किया गया था, लेकिन उपभोक्ताओं द्वारा रुचि न दिखाए जाने के कारण अब विवश होकर विभाग सख्त कदम उठा रहा है।

### अब तकबड़ी कार्रवाई:



विभाग द्वारा वसूली के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके आंकड़े निम्नानुसार हैं: कनेक्शन विच्छेदन: अब तक 432 विद्युत कनेक्शन काटे जा चुके हैं, जिन पर 01 करोड़ 02 लाख रुपये बकाया थे।ट्रांसफार्मर जब्त: केशवाही क्षेत्र में बकाया जमा न होने पर 02 नग विद्युत ट्रांसफार्मर निकाल लिए गए हैं, जिससे संबंधित क्षेत्रों की सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई है। कुर्की की तैयारी: 292 बड़े बकायादारों के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। अधिकारी का संदेश: "बकाया राशि जमा न करने की स्थिति में कनेक्शन काटने और कुर्की की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## धनपुरी कोयलांचल में 'प्रेस' की आड़ में धौंस का खेल


# फर्जी पत्रकारों पर शिकंजा कब?

धनपुरी।

कोयलांचल क्षेत्र इन दिनों एक गंभीर समस्या से जूझ रहा है। शहर और आसपास के इलाकों में "प्रेस" लिखी गाड़ियों की संख्या अचानक बढ़ गई है। इनमें से कई वाहन ऐसे लोगों के पास बताए जा रहे हैं, जिनका किसी मान्यता प्राप्त समाचार पत्र, चैनल या मीडिया संस्थान से प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। इससे न केवल आम नागरिक परेशान हैं, बल्कि असली पत्रकारों की प्रतिष्ठा पर भी प्रश्नचिह्न लगने लगे हैं।दबाव, धमकी और अवैध वसूली के आरोपस्थानीय व्यापारियों, ठेकेदारों और छोटे कारोबारियों का आरोप है कि कुछ स्वयंभू पत्रकार खबर प्रकाशित करने या न करने की धमकी देकर दबाव बनाते हैं। कई मामलों में जांच-पड़ताल के नाम पर प्रतिष्ठानों में पहुंचकर अनावश्यक हस्तक्षेप किया जाता है। सूत्रों के अनुसार, कुछ लोगों की पृष्ठभूमि आपराधिक रही है, जो अब पत्रकारिता की आड़ लेकर सक्रिय बताए जा रहे हैं।हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार मिल रही शिकायतों ने इस मुद्दे को गंभीर बना दिया है।'प्रेस' लिखी गाड़ियों का बढ़ता चलनशहर में चार पहिया और दो पहिया वाहनों पर बड़े अक्षरों में "प्रेस" लिखवाकर घूमने का ट्रेंड बढ़ा है। जानकारों का कहना है कि बिना वैध अनुमति इस तरह का उपयोग नियमों के विरुद्ध है। इससे कानून-व्यवस्था की स्थिति भी प्रभावित हो सकती है, क्योंकि ऐसे वाहन कई बार जांच से बचने का प्रयास करते हैं।असली पत्रकारों में आक्रोशवरिष्ठ पत्रकारों का कहना है कि पत्रकारिता कोई लाइसेंस नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। कुछ लोगों की वजह से पूरे मीडिया जगत की छवि धूमिल हो रही है। उनका सुझाव है कि जिला स्तर पर अधिकृत पत्रकारों की सूची सार्वजनिक की जाए और समय-समय पर सत्यापन किया जाए।प्रशासन की भूमिका अहमसामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि—प्रेस लिखे वाहनों की विशेष जांच अभियान चलाया जाए।फर्जी पहचान-पत्र बनाने और उपयोग करने वालों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज हो।मीडिया संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रमाणिकता की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की रक्षा जरूरीपत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मानी जाती है। यदि इसी की आड़ में अवैध गतिविधियां पनपने लगें, तो समाज में भ्रम और भय का वातावरण बनता है। कोयलांचल की शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि फर्जी तत्वों की पहचान कर उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## अंबर ही जिनका वस्त्र: भौतिकता के युग में दिगम्बर मुनियों की कठिन आत्म-साधना

**बुढार।** आज के इस चकाचौंध भरे भौतिकवादी युग में, जहां मनुष्य सुख-सुविधाओं और भोग-विलासिता की अंधी दौड़ में लिप्त है, वहीं दिगम्बर जैन मुनि त्याग और तपस्या की एक ऐसी मिसाल पेश कर रहे हैं जो अकल्पनीय है। अपनी इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर ये वीतरागी संत 'सांसारिक मोह' को त्याग कर 'आत्मा की साधना' में लीन हैं।



**कठिन चर्या: न वस्त्र, न वाहन-** दिगम्बर जैन मुनि के लिए उनका अंबर (आकाश) ही वस्त्र है। उन्होंने न केवल वस्त्रों का त्याग किया है, बल्कि आवागमन के लिए किसी भी प्रकार के वाहन का उपयोग भी वर्जित रखा है। देश के किसी भी कोने में जाना हो, ये मुनिराज तपती धूप, कड़कड़ाती ठंड या मूसलाधार बारिश में भी नंगे पांव पैदल विहार करते हैं।


**कर-पात्र में आहार: दिन में मात्र एक बार-** मुनिराज की आहार चर्या अत्यंत कठिन और मर्यादित होती है। वे दिन भर में सिर्फ एक बार भोजन और जल ग्रहण करते हैं।नवधा भक्ति: जब श्रावक पूरी श्रद्धा के साथ उनका 'पड़गाहन' करते हैं, तब मुनिराज शास्त्रोक्त विधि मिलने पर ही आहार के लिए कदम बढ़ाते हैं।खड़े होकर आहार: वे किसी थाली या बर्तन में नहीं, बल्कि अपने ही हाथों को मिलाकर बनाए गए 'कर-पात्र' में खड़े होकर आहार ग्रहण करते हैं। यदि चर्या में कोई अंतराय (बाधा) आ जाए, तो वे तत्काल आहार का त्याग कर देते हैं।

**विषय-वासना से दूर, पाटे पर विश्राम-** इन संतों का जीवन सुख-सुविधाओं से कोसों दूर है। वे रात्रि विश्राम के लिए किसी गद्दे या बिस्तर का उपयोग नहीं करते, बल्कि लकड़ी के एक पाटे पर निद्रा पूर्ण करते हैं। सर्दी, गर्मी या बरसात—हर मौसम में उनकी यह कठोर चर्या अटूट रहती है।

**निष्कर्ष:-** दिगम्बर मुनिराज की यह साधना केवल स्वयं के कल्याण के लिए नहीं, बल्कि समस्त प्राणी मात्र की मंगल कामना के लिए है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची शांति भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि आत्म-साधना और त्याग में निहित है।

# बुराई में भी अच्छाई देखोगे तो जीवन मजबूत बनेगा: मुनिश्री प्रमाणसागर

बुढ़ार।





पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने कहा कि "अच्छा दिखना नहीं,अच्छा बनना ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य होना चाहिए।" उन्होंने कहा कि जीवन को केवल धन, वैभव और बाहरी साधनों से अच्छा बनाने का प्रयास क्षणिक है,यदि व्यक्ति चार संकल्प ले ले— मैं अच्छा देखूंगा,अच्छा करूंगा,अच्छा बनूंगा और अच्छे से रहूंगा, तो वह निश्चित ही जीवन की ऊँचाइयों को छू सकता है।

मुनि श्री ने "अच्छा" शब्द का वास्तविक अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि केवल अच्छा दिखना, अच्छा पहनना या अच्छा पाना जीवन का लक्ष्य नहीं होना चाहिए,हमारी संपूर्ण ऊर्जा अच्छा बनने की दिशा में लगनी चाहिए,जब मनुष्य भीतर से श्रेष्ठ बनता है, तो उसका आचरण, व्यवहार और व्यक्तित्व स्वतः ही उत्तम हो जाता है।धर्म बाहरी प्रदर्शन से हटाकर आंतरिक परिष्कार की ओर ले जाता है और चेतना को परिमार्जित करने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण सृष्टि की व्यवस्था उत्तम है,मनुष्य चाहे तो हर जगह कमी निकाल सकता है और चाहे तो उसी परिस्थिति में अच्छाई खोज सकता है? बड़े आयोजनों में छोटी-मोटी कमियाँ रह ही जाती हैं, पर यदि हम केवल कमियों पर ही दृष्टि रखेंगे तो हमारा दृष्टिकोण नकारात्मक हो जाएगा,जो व्यक्ति हर जगह कमी को खोजता है, उसका जीवन कमजोर बनता है,जबकि जो अच्छाइयों को अपनाता है, वह स्वयं भी मजबूत बनता है और समाज को भी सशक्त करता है।दीक्षा कल्याणक के अवसर पर मुनि श्री ने प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि श्रीकृष्ण जब अपने साथियों के साथ जा रहे थे,मार्ग में एक मरा हुआ कुत्ता पड़ा था,सबने घृणा से मुँह फेर लिया, पर श्रीकृष्ण ने उसके दाँतों की सुंदरता की प्रशंसा की।यही सकारात्मक दृष्टि है— जहाँ संसार बुराई देखता है, वहाँ महापुरुष अच्छाई खोज लेते हैं,उन्होंने कहा,"दृष्टि बदलेगी तो सृष्टि बदलेगी।" जब हम बुराई में भी अच्छाई खोजने लगते हैं, तो भीतर से करुणा उत्पन्न होती है,आलोचना के स्थान पर स्वीकार्यता आती है और जीवन में सकारात्मकता का प्रकाश फैलता है।इस अवसर पर निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर महाराज ने कहा कि भगवान ने अपने जन्म को संयम से सार्थक किया।उन्होंने संदेश दिया"लोग हमारे बारे में क्या कहते हैं,यह हमारे हाथ में नहीं है,पर कोई कितना भी बुरा कहे, हम उसे बुरा न मानें, यह पूरी तरह हमारे हाथ में है।" यदि जीवन की धारा बदलनी है तो सहनशीलता और संयम का विकास करना होगा। सच्चा सबल वही है जो अपनी प्रतिक्रिया पर नियंत्रण रखे। कार्यक्रम में मुनि श्री शीतलसागर महाराज, मुनि श्री संधान सागर महाराज एवं क्षुल्लक श्री समादर सागर महाराज मंचासीन रहे,संचालन ब्रह्मचारी अभय भैया ब्र.अशोक भैया एवं अमित वास्तु ने किया।

मुनि संघ के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रसन्न जैन ने बताया कि दोपहर में आदिकुमार के राज्याभिषेक एवं स्वर्ग की अप्सरानीलांजना के नृत्य का मंचन किया गया। नीलांजना की आकस्मिक मृत्यु से आदिकुमार को वैराग्य उत्पन्न होता है और वे दीक्षा लेकर वन की ओर प्रस्थान करते हैं।

### आज के कार्यक्रम

रविवार,1 मार्च को प्रातःकाल मुनि आदि सागर महाराज आहारचर्या के लिए निकलेंगे तथा राजा श्रेयांस एवं राजा सोम का परिवार उनका पादप्रक्षालन कर आहार प्रदान करेगा। दीक्षा समारोह को देखने के लिए विभिन्न नगरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

## नशा मुक्ति व धोखाधड़ी से बचने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन शासकीय प्राथमिक विद्यालय सनकुई में किया जा रहा है। प्रातःकाल स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकालकर व्यायाम, प्राणायाम, योग एवं परेड का अभ्यास किया। इसके बाद गांव में नशा मुक्ति रैली निकाली गई।

स्वयंसेवकों ने नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो, नशे की लत एक बीमारी है, इससे दूर रहना समझदारी है, जो नशे को हराएगा, वही सच्चा वीर कहलाएगा तथा बीड़ी पीके खांस रहा है, मौत से आगे नाच रहा है जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया।बौद्धिक सत्र में दलनायक अभिषेक कुमार ने अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चोबे ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा के तहत हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर बल दिया।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में विज्ञान प्रदर्शनी एवं व्याख्यान का आयोजन



**बिरसिहपुर पाली** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में विज्ञान प्रदर्शनी एवं व्याख्यान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य श्री हरलाल अहिरवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों एवं नवाचारों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव विविधता, जल संरक्षण तथा आधुनिक तकनीक से संबंधित मॉडलों को प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया।कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें एनएसएस प्रभारी डॉ. शाहिद ए. सिद्दीकी ने विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. नरेश प्रसाद शुक्ला एवं डॉ. मनीषा अग्रवाल ने विज्ञान के महत्व, वैज्ञानिक सोच के विकास तथा समाज में विज्ञान की भूमिका को विस्तार से बताया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी।प्राचार्य श्री हरलाल अहिरवार ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान मानव जीवन को सरल, सुरक्षित और समृद्ध बनाने का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. मनीषा अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए प्राचार्य महोदय, समस्त प्राध्यापकगण, आयोजन समिति एवं विद्यार्थियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सराहना प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ और वातावरण विज्ञानमय उत्साह से परिपूर्ण रहा।

## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ का परिवहन करने वाले आरोपियों को 12-12 वर्ष का सश्रम कारावास



अनूपपुर। न्यायालय नरेन्द्र पटेल विशेष न्यायाधीश (अंतर्गत स्वापक औषधियों तथा मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (1985) के न्यायालय ने थाना करनपठार के अपराध क्र 179/23, एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में विचारण करते हुए आरोपी सुरेश रजवाडे पिता दिलासराम उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम रंगपारा, थाना जयनगर छ.ग. एवं आरोपी ईश्वर प्रसाद पिता नेहरूलाल रजवाडे उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम खोपा भरना जयनगर थाना सूरजपुर छ.ग. के विरूद्ध एनडीपीएस का अपराध प्रमाणित पाने के आधार पर 12-12 वर्ष का सश्रम कारावास व 120000-120000 रू. की राशि के अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित किया गया है। प्रकरण की पैरवी विशेष लोक अभियोजक हेमन्त अग्रवाल द्वारा की गई। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि थाना करनपठार पुलिस को दिनांक 24.08.2023 को मुख्बिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सफेद रंग की पिकअप में अवैध गांजा का परिवहन किया जा रहा हैं मुखबिर सूचना के आधार पर स्वंतत्र साक्षी व विवेचना किट व पुलिस बल के साथ वरिष्ठ अधिकारी से संपर्क स्थापित करते हुए नाकाबंदी ग्राम टेडी तिराहा लालपुर में की गई। नांकाबंदी के दौरान रात करीब 12 बजे के आसपास मुखबिर द्वारा बताया गया वाहन दस्तयाब किया गया उसमें बैठे हुए आरोपीगण सुरेश व ईश्वर से पूछताछ की गई। उन्हें मुखबिर सूचना से अवगत कराया विधिक प्रावधानों के अनुसार दोनों आरोपियों के कब्जे से उनके पिकअप वाहन सीजी 13 एल 6731 में से 1 किवंटल 24 किलों 500 ग्राम गांजा जब्त किया गया जिसकी कीमत 14,94000 रूपये होना पाई गई मौके से ही आरोपी को अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार किया गया और पिकअप वाहन भी जब्त किया गया।

### रेलवे मजदूर कांग्रेस ने सांसद का किया स्वागत



अनूपपुर। अनूपपुर स्टेशन में आयोजित तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टापेज ( ठहराव ) के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्रि सिंह का मंच में रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर जोन के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने फुलों के बुके देकर स्वागत किया, रेलवे मजदूर कांग्रेस की ओर से रेल कर्मचारियों के विभिन्न मांगों को लेकर सांसद से श्री राव ने मांग रखी की रेलवे कालोनी अनूपपुर में आदर्श रेलवे स्कूल अनूपपुर के बगल में रेलवे कर्मचारियों व क्षेत्र के नागरिकों के विवाह व सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए रेल सांस्कृतिक भवन (मिनी कम्यूनिटी हाल) की मांग मजदूर कांग्रेस बिलासपुर डिविजनल व जोनल पीएनएम बैठक में लगातार विगत दस वर्षो से उठा रही, मजदूर कांग्रेस ने सांसद को धन्यवाद दिया की रेल संस्कृति भवन अनूपपुर की मांग सांसद श्रीमती हिमाद्रि सिंह ने महाप्रबंधक बिलासपुर जोन व मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर के स्तर पर होने वाले रेल व यात्री सुधार व विकास के परामर्श बैठकों में मजबूती से उठाती रही है, इस पर थोड़ा प्रयास सांसद की ओर से होने पर रेल सांस्कृतिक भवन अनूपपुर में बन जाएगा, मजदूर नेता लक्ष्मण राव ने मांग की अनूपपुर रेलवे स्टेशन पुराने मुख्य द्वार जो अब गेट नम्बर 2 बन गया है, उसे नगर पालिका अनूपपुर के पूर्व परिषद के प्रस्ताव अनुसार पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. दलबीर सिंह द्वारा के नाम से बनाया जाए। मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के अन्य पदाधिकारी स्वागत में उपस्थित रहे उनमें शाखा उपाध्यक्ष रामदास राठौर, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक राय, कोषाध्यक्ष सदाशिव पाण्डेय, ब्रांच काउंसलर नोखेलाल, किशन द्विवेदी, कार्यालय प्रभारी जी सूर्या राव आदि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर श्री पंचोली ने जिला चिकित्सालय टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ



अनूपपुर। किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ आज कलेक्टर अनुपपुर हर्षल पंचोली द्वारा जिला चिकित्सालय अनुपपुर में किया गया। जिले की किशोरियों के लिए यह एक ऐतिहासिक स्वास्थ्य पहल है। 28 फरवरी से प्रारंभ यह विशेष टीकाकरण अभियान 09 से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

## जनदबाव के आगे झुका प्रशासन, मरीजों को मिली बड़ी राहत

# जिला चिकित्सालय अनूपपुर में पार्किंग शुल्क समाप्त





हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Virat Bhoomi - 27 Feb 2026 - Page 4
बिना टैंडर के शुरू हुई जिला अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था
बिना प्रबंधन के जारी हुई रसीद मिल रही वाहनों चालकों को
अस्पताल प्रबंधन और टेकेदार की मिलीभगत





जिला चिकित्सालय अनूपपुर में लागू की गई पार्किंग शुल्क व्यवस्था आखिरकार जनहित के आगे टिक नहीं सकी। इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने वाले गरीब, ग्रामीण और आदिवासी अंचल के मरीजों पर बढ़ रहे आर्थिक बोझ को देखते हुए जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से सीधी टकराहट ली। कलेक्टर से चर्चा के बाद प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल प्रभाव से पार्किंग शुल्क समाप्त करने का निर्णय लिया, जिससे आमजन में संतोष और राहत का माहौल है।

हरिभूमि न्युज अनूपपुर।

जिला चिकित्सालय अनूपपुर में कुछ समय पूर्व पार्किंग शुल्क लगाकर वसूली प्रारंभ की गई थी। यह निर्णय उस समय लिया गया जब अस्पताल में पहले से ही इलाज के लिए आने वाले मरीज आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पर्ची, जांच, दवा और आने-जाने के खर्च के बीच पार्किंग शुल्क ने आमजन की परेशानी और बढ़ा दी। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत जैतहरी के अध्यक्ष राजीव सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राम खेलावन राठौर एवं पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह जिला चिकित्सालय पहुंचे और कलेक्टर अनूपपुर से प्रत्यक्ष चर्चा कर ज्ञापन सौंपा था। चर्चा के दौरान सिविल सर्जन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिला चिकित्सालय लाभ का नहीं बल्कि सेवा का केंद्र है। जनहित की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए कलेक्टर के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ. एस.आर. परस्ते ने तत्काल प्रभाव से पार्किंग शुल्क समाप्त करने की घोषणा की और वसूली करने वालों को मौके पर ही पार्किंग स्थल खाली करने के मौखिक निर्देश दिए है।

#### जनप्रतिनिधियों की निर्णायक पहल, प्रशासन पर बना दबाव

जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन के सामने यह सवाल मजबूती से रखा कि जब अस्पताल का उद्देश्य आमजन को सस्ता और सुलभ इलाज देना है, तो फिर पार्किंग शुल्क किस तर्क पर लगाया गया। उन्होंने कहा कि इलाज के लिए आने वाला व्यक्ति मजबूरी में अस्पताल पहुंचता है, न कि शौक में। ऐसे में उससे वाहन खड़ा करने के नाम पर पैसा वसूलना पूरी तरह से जनविरोधी कदम है। इस तर्कसंगत दबाव के चलते प्रशासन को तत्काल फैसला लेना पड़ा।

#### गरीब और आदिवासी मरीजों पर पड़ रहा था दोहरा बोझ

नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह ने पार्किंग स्थल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मरीज पहले ही रोगी कल्याण समिति को शुल्क देकर पर्ची कटवाते हैं। इसके बाद जांच और दवाइयों का खर्च उठाते हैं। ऐसे में 10-20 रुपये का पार्किंग शुल्क भी गरीब मरीजों के लिए बड़ा बोझ बन जाता है, खासकर आदिवासी अंचल से आने वाले लोगों के लिए जिनकी आय सीमित है।

#### जन औषधि केंद्र की भावना के अनुरूप राहत भरा निर्णय

जिला चिकित्सालय परिसर में ही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र संचालित है, जहां बेहद सस्ती जेनरिक दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं। जनप्रतिनिधियों ने तर्क दिया कि जो मरीज 5 या 10 रुपये की दवा लेने आता है, उससे 20 रुपये पार्किंग शुल्क लेना जन औषधि योजना की मंशा के बिल्कुल विपरीत है। शुल्क समाप्त होने से अब वास्तव में गरीब मरीजों को योजना का लाभ मिलेगा। इस निर्णय पर जनपद अध्यक्ष राजीव सिंह और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राम खेलावन राठौर ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# शातिर गांजा तस्कर को बिजुरी पुलिस ने किया गिरफ्तार, 1.200 किलो ग्राम गांजा जप्त

हरिभूमि न्युज बिजुरी।



बिजुरी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। घटना विवरण इस प्रकार है कि 27 फरवरी को धनिया ठेला तिराहा में वाहन चेकिंग के दौरान बेलिया छोट तरफ से एक बिना नंबर की होण्डा कंपनी की एसपी 125 ब्लेक ग्रीन कलर की मोटर साइकल का चालक की संदिग्ध गतिविधि से उसके अवैध कार्य में संलिप्तता की शंका हुई जो मौके पर उसके मोटर सायकल की डिक्की (झोला) चेकिंग के दौरान उसमें एक सफेद लाल रंग का नंदी लिखा हुआ झोला मिला जिसे डिक्की से वाहर निकलवाकर चेक किया तो झोला के अन्दर में हरी सुखी पत्तियां, डंठल बीज युक्त जैसा मादक पदार्थ गांजा दिखाई दिया जिसका अवैध क़ब्ज़ा संज्ञेय अपराध है। आरोपी चालक का नाम पता पूछने पर अपना नाम अविनाश गुप्ता पिता स्व. राकेश गुप्ता उम्र 23 वर्ष निवासी पत्थर्रा थाना पेंड्रा जिला जीपीएम छ.ग. का होना बताया अवैध मादक पदार्थ गांजा का बरामदगी पंचनामा 27 फरवरी के 20.43 बजे तैयार किया गया आरोपी के कब्जे से बरामद गांजा वजन करने पर 1.200 होना पाया गया जो आरोपी का कृत्य अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कारित करना पाये जाने से अपराध सदर कायम कर अनुसंधान में लिया गया। उल्लेखनीय है कि आरोपी गांजा तस्कर के विरूद्ध अपरहण, बलात्कार, हत्या के प्रयास और गांजा तस्करी जैसे गंभीर मामलो के ०४ प्रकरण पूर्व से पंजीबध होना पाया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, उपनिरी मानिम टोप्पो, सउनि प्रभाकर पटेल, आर. मनोज उपाध्याय, आर. लक्ष्मण डांगी, आर. रवि सिंह, आर. अभिषेक शर्मा की विशेष उल्लेखनीय भूमिका रही।

## होलिका दहन 2 मार्च, 4 मार्च रंगों वाली होली-पंडित ज्योतिष आचार्य अखिलेश

#### होलिका दहन कब होगा?

हरिभूमि न्युज अनूपपुर। पंडित ज्योतिष आचार्य अखिलेश त्रिपाठी के अनुसार इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च सोमवार की रात को किया जाएगा। पंडित अखिलेश त्रिपाठी के अनुसार 2 मार्च की शाम से ही भद्रा का वास भी शुरू हो जाएगा। भद्रा काल 2 मार्च की शाम से लेकर 3 मार्च की सुबह 4:56 बजे तक प्रभावी रहेगा। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार भद्रा काल में कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य नहीं किया जाता। विशेष रूप से होलिका दहन जैसे पर्व में भद्रा का ध्यान रखना जरूरी माना जाता है। पौराणिक परंपराओं में भद्रा को अशुभ योग माना गया है। यही वजह है कि ज्योतिषाचार्य सलाह देते हैं कि होलिका दहन या तो भद्रा समाप्त होने के बाद किया जाए या फिर भद्रा पुच्छ काल में। ज्योतिषीय गणना के अनुसार अखिलेश त्रिपाठी बताते है की इस वर्ष होलिका दहन के लिए रात 12:50 बजे से 2:02 बजे के बीच का समय अनुकूल माना गया है। यह अवधि कुल 1 घंटा 12 मिनट की है और इसे भद्रा पुच्छ काल माना जा रहा है। शास्त्रों में भद्रा पुच्छ काल में किए गए कार्यों को स्वीकार्य माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस मुहूर्त में होलिका दहन करने से नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। हालांकि यह आस्था से जुड़ा विषय है, इसलिए स्थानीय परंपरा और विश्वसनीय पंचांग से भी समय की पुष्टि करना उचित रहेगा। इस वर्ष होली को लेकर भी लोगों में सवाल हैं। पंचांग के अनुसार 2 मार्च होलिका दहन 3 मार्च चंद्र ग्रहण 4 मार्च रंगों वाली होली चूंकि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण पड़ रहा है, इसलिए 4 मार्च को रंगों की होली मनाई जाएगी। अखिलेश त्रिपाठी बताते हैं कि 3 मार्च को वर्ष का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण लग रहा है. यह ग्रहण दोपहर 3 बजकर 21 मिनट से शुरू होकर शाम 6 बजकर 46 मिनट तक रहेगा. ग्रहण और सूतक काल के दौरान शुभ कार्य नहीं किए जाते, इसलिए इस दिन रंग खेलना उचित नहीं माना गया है. इसी कारण रंगोत्सव 4 मार्च को मनाया जाएगा। अखिलेश त्रिपाठी का कहना है धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण के समय पूजा-पाठ और मांगलिक कार्यों से परहेज किया जाता है. यही वजह है कि होली का मुख्य उत्सव ग्रहण के अगले दिन रखा गया है. यह चंद्र ग्रहण भारत सहित पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत क्षेत्र और अमेरिका के कई हिस्सों में दिखाई देगा। पंडित श्री त्रिपाठी बताते हैं कि शास्त्रों की मान्यताओं के अनुसार, इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च को प्रदोष काल में करना सबसे मंगलकारी रहेगा. पूजा के लिए सबसे उत्तम समय शाम 6 बजकर 22 मिनट से रात 8 बजकर 53 मिनट के बीच का है. हालांकि, जो लोग भद्रा पूंछ काल का पालन करते हैं, उनके लिए रात 12 बजकर 50 मिनट के बाद दहन का विधान होगा. हिंदू धर्मग्रंथों में पूर्णिमा के प्रदोष काल को ही होलिका पूजन के लिए सबसे श्रेष्ठ माना गया है।



## श्रमिक नियोजन बढ़कर लेबर बजट का लक्ष्य पूर्ण करें-सीईओ जिला पंचायत

### ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा कर जिला पंचायत सीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्युज अनूपपुर। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने ग्रीष्मकालीन ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल समस्या के निदान के लिए बिगड़े हैंडपंपों को सुधारने, नल जल योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्राम पंचायत के टैंकर में सुधार कार्य/मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ जिला पंचायत सभागार में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हैं उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत, जनपद पंचायत के अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री उपस्थित थे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने गौशालाओं में बोरवेल के माध्यम से पेयजल सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तकनीकी अमले के साथ संयुक्त भ्रमण कर पेयजल सुविधा के उपलब्धता के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत में जल समस्या से संबंधित रजिस्टर का संधारण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत को स्वायत्त बनाने के लिए स्व करारोपण पद्धति के पालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वच्छता, नल जल, प्रकाश, संपत्ति कर तथा भवन अनुज्ञा के माध्यम से करो की वसूली के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भवन अनुज्ञा आवेदन ग्राम पंचायत में प्राप्त किया जाए तथा विधिवत निर्माण की अनुमति दी जाए पोर्टल से भी आवेदन



ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने बैठक में बकाया विद्युत बिल के भुगतान तथा अनावश्यक विद्युत कनेक्शन को विच्छेद करने की कार्रवाई के निर्देश दिए। वृंदावन ग्राम दारसागर, अमगवां, केल्हौरी, के विकास कार्य से संबंधित सर्वे का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पेसा गांव में तेंदूपत्ता संग्रहण को प्रोत्साहित करने के निर्देश देते हुए जिला समन्वयक पेसा को प्रशिक्षण संबंधी निर्देश दिए। बैठक में स्टांप शुल्क मद के स्वीकृत पंचायत भवन निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा अंतर्गत विभिन्न श्रम नियोजित कार्यों, हितग्राही मूलक एक बगिया मां के नाम,जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत खेत तालाब के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के मनरेगा लेबर बजट की पूर्णता के लिए श्रमिक नियोजन को बढाए जाने के निर्देश देते हुए जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाने के निर्देश दिए उन्होंने जैतहरी एवं अनूपपुर जनपद पंचायत को प्रतिदिन की रणनीति तय कर श्रमिक नियोजन में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता साथी के माध्यम से स्वच्छता के कार्य के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से मांग पूर्ति कर स्वच्छता साथियों का सभी ग्राम पंचायत के शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता परिसर तथा शासकीय संस्थाओं के शौचालय तथा नागरिकों के व्यक्तिगत शौचालय को साफ सुथरा रखने के लिए स्वच्छता साथियों का सहयोग लिया जाए। उन्होंने स्वच्छता साथियों को प्रदान की गई सफाई मशीन के संधारण तथा रखरखाव के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियो को स्वच्छता साथियों का बेहतर उपयोग करने तथा उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए वास इन व्हील योजना का ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड की गतिविधियों पांचवा एवं 15वां वित्त के कार्यों, मध्यान भोजन कार्यक्रम तथा मनरेगा कन्वर्जेंस से निर्मित किया जा रहे किचन शेड सह भंडार गृह डाइनिंग हॉल निर्माण कार्य की समीक्षा तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा कर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

# बैंक खातों का लेन देन में उपयोग कर धोखाधड़ी करने वालें बड़े गिरोह का खुलासा



हरिभूमि न्युज कोतमा।

कोतमा पुलिस द्वारा बैंक खातों का लेन देन में उपयोग कर धोखाधड़ी करने वालें एक बड़े गिरोंह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 27 फरवरी को आवेदक दीपक केवट पिता गनपत केवट निवासी ग्राम पडोर, लतार थाना भालूमाड़ा द्वारा थाना कोतमा में सरकारी योजना का लाभ दिलाने के नाम पर पासबुक, एटीएम रख लेने कमीशन की मांग करने व खाता का गलत इस्तेमाल कर धोखाधडी करने के संबंध में एक आवेदन पेश किया। जिस पर थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पांच आरोपी शैलेन्द्र पांडेय निवासी बदरा, बादल सोनी, विजय कश्यप टिंकल जिवनानी, आशीष सोनी निवासी गण कोतमा के विरूध्द धारा 318(4), 3(5) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना आरोपीगण बादल सोनी पिता सुधीर सोनी, टिंकल जिवनानी, आशीष सोनी तीनों निवासी कोतमा को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया। अन्य की सरगर्मी तलाश जारी है गिरफ्तार शुदा आरोपियों से पूछतांछ पर इनके कब्जे से 19 नग एटीएम कार्ड सभी बैंक आंफ महाराष्ट एवं 03 नग मोबाईल एवं सिम कार्ड जप्त किया गया है। सारे खातें बैंक आंफ महाराष्ट के हैं। इसमें बैंक कर्मचारियों तथा अन्य आरोपियों की भी संलिप्ता की जांच की जा रही है। पूछतांछ के दौरान आरोपियों से यह भी पता चला की यह सभी खाते ग्राम बिजौड़ी के एक कियोस्क सेन्टर से बैंक आंफ महाराष्ट के सारे खाते खुलवातें थे वहा से दस्तावेज ले जाकर बैंक आंफ महाराष्ट के एटीएम, पासबुक इकट्ठा कर मोबाईल सिम भी पृथक से खाताधारको से इश्यु करते थे एवं इन सभी दस्तावेजों का उपयोग अवैध पेसों के लेन देन संबंधी धोखाधड़ी में करते थे। उक्त कार्यवाही में निरी रत्नाम्बर शुक्ल के साथ सउनि सुखीनंद यादव, प्र. आर. संजीव त्रिपाठी, प्र.आर. रामखेलावन यादव, आर. अभय त्रिपाठी, आर. महेश साहू एवं सायबर सेल से प्र. आर. राजेन्द्र अहिरवार एवं आर. पंकज मिश्रा की अहम भूमिका रही है।

# सृजन कार्यक्रम में बच्चों को मिला जीवन कौशल प्रशिक्षण और आत्मविश्वास का संचार




हरिभूमि न्युज अनूपपुर।

मध्यप्रदेश पुलिस की सामुदायिक पुलिस योजना के अंतर्गत "सृजन कार्यक्रम" का भव्य एवं उत्साहपूर्ण समापन थाना जैतहरी क्षेत्र स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम उप-पुलिस महानिरीक्षक विनीत कपूर के दिशा-निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोतिउर्र रहमान के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नोडल सृजन कार्यक्रम अनूपपुर जगन्नाथ मरकाम के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत उपरांत सहभागी संस्था "हार्ड" के सुशील शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका मुख्य लक्ष्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों को सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरित करना है। बच्चों को आत्मरक्षा कौशल, मानसिक एवं शारीरिक सुदृढ़ता, कानूनी साक्षरता, अधिकारों की जानकारी तथा कानून के प्रति जागरूक बनाना इस पहल का प्रमुख उद्देश्य है। साथ ही समुदाय और पुलिस के मध्य बेहतर संबंध स्थापित करना भी कार्यक्रम की प्राथमिकता रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को शिक्षा, जीवन कौशल, बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा तथा जेंडर संबंधी मुद्दों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विशेष स्वास्थ्य सत्र में बीसीएम कोमल सिंह मार्को ने पोषण एवं स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला वॉलीबॉल संघ अध्यक्ष चैतन्य मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि "सृजन का अर्थ रचना है, और जीवन में निरंतर सकारात्मक सृजन होता रहना चाहिए। आपने इस कार्यक्रम में जो सीखा है, उसे अपने जीवन में अपनाकर आगे बढ़ें, यही सच्ची सफलता है।" सूबेदार अम्बरीष साहू एवं थाना प्रभारी अमरलाल यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ. पुष्पेंद्र नामदेव एवं प्रदीप गुप्ता ने भी प्रेरक संबोधन दिया। सृजन मास्टर ट्रेनर एवं उपनिरीक्षक प्रभात मिश्रा ने बच्चों को प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में पुलिस विभाग द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा विद्यालय की ओर से अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर नशा मुक्ति भारत अभियान एवं नेशनल ट्रेनर वॉलीबॉल स्टेट रेफरी दिनेश कुमार सिंह चंदेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक उरमलिया, व्यवस्थापक डॉ. पुष्पेंद्र नामदेव, आशीष पांडे, राज शुक्ला, अभिषेक पाठक, हिमांशु गुप्ता, रमेश जोगी सहित समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मोजर बेयर के सहायक प्रबंधक गौरव पाठक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहने चाहिए, जिससे समाज में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार हो। वरिष्ठ प्रबंधक आईटी महेश गौतम का भी कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग रहा। अंत में आभार प्रदर्शन आशीष पांडे द्वारा किया गया।

!! राधे-राधे !! !! श्री गणेशाय नमः !! !! राधे-राधे !!
श्री गुजरात ग्रेनाईट एंड टाईल्स
ग्रेनाईट एवं टाईल्स के थोक एवं फुटकर विक्रेता
हमारे यहां सभी प्रकार के टाईल्स, ग्रेनाईट- सांड्य Z ब्लैक, सुपर ब्लैक, आर ब्लैक इत्यादि एवं सेनेट्री, कड़प्पा उचित दामों पर उपलब्ध है।
कोटा स्टोन उपलब्ध है।
प्रो. देवेन्द्र सिंह जी 7742294629, 7440984719, 7737330239